pan>

Title: Concern over reported incident of rape of 6 years old child and action against the Culprits.

**श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) :** सभापति जी, हमारे क्षेत्र फ़ैज़ाबाद में छः वर्षीय बालिका के साथ दुराचार समय पर पुलिस द्वारा संज्ञान न लेने के कारण हुआ है। उसके कारण पूरे फ़ैज़ाबाद में आक्रोश है, जन आंदोलन है, लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश सरकार के ऊपर से उनका विश्वास उठ गया है। उन लोगों की मांग है कि जो अपराधी 18 घंटे बाद उस बच्ची के होश में आने के बाद गिरफ्तार हुआ है, उस अपराधी को बचाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है ऐसा उनका मानना है।

उनकी मांग है, हम लोगों ने भी मुख्यमंत्री को लिखा है कि 25 लाख रूपए उसको सहायता दी जाए और सही जांच कराई जाए, लेकिन विश्वास न होने के कारण आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से हमारी मांग है कि केन्द्र सरकार उन पर दबाव डाले और उस अपराधी के खिलाफ जांच हो और उसे कठोर से कठोर दण्ड मिले एवं उसे 25 लाख की सहायता मिले।

इसके साथ ही साथ केन्द्र सरकार से भी निवेदन है कि यदि संभव हो तो निर्भया फंड से उसको कुछ सहायता दी जाए। नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा जो सुकन्या बीमा योजना चलाई जा रही है, 1 लाख 68 हजार रूपए जमा करने का आश्वासन दिया है, जिससे 21 साल बाद उसको साढ़े 6 लाख रूपए, शादी योग्य जब वह बच्ची हो तो उसे मिल सके। इतना ही मुझे आपसे निवेदन करना था, धन्यवाद।

**माननीय सभापति:**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री लल्लू सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।